# HINDI

## Paper 1

(*Two Hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first **15** minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Attempt **all** questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** in not less than **four hundred (400)** words on any one of the following topics :— [25]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर हिन्दी में संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए जो चार सौ (400) शब्दों से कम न हो :—

(i) 'मानव जीवन में हास्य का महत्वपूर्ण स्थान है । हँसो और हँसाते रहो के सिद्धान्त से अनेक समस्याएँ स्वयं सुलझ जाती हैं ।'—इस कथन को ध्यान में रखकर हँसने के लाभ पर अपने विचार दीजिए ।

(ii) आप अपने बड़ों से आवश्यक वस्तुओं की माँग करते रहते हैं । कभी-कभी आपकी माँगें पूर्ण नहीं होतीं और आप निराश हो जाते हैं तब आपको लगता है कि आपके माता-पिता आपकी आवश्यकताओं को पूर्ण नहीं करते ।—बताइए बड़ों से आप क्या-क्या चाहते हैं तथा उन्हें आपके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

(iii) पिछले दिनों आपका मित्र बीमार हो गया था । आप उसे देखने अस्पताल जाते थे । बताइए अस्पताल का वातावरण कैसा होता है एवं बीमार व्यक्ति को देखने जाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

(iv) 'संसद में महिला-आरक्षण आवश्यक है'—इस विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार दीजिए ।


---

**This paper consists of 5 printed pages and 1 blank page.**


© *Copyright reserved*

(v) 'ईश्वर की माया, कहीं धूप कहीं छाया'—इस उक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

(vi) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और मन में उमड़ने वाले विचारों को कहानी या लेख के रूप में लिखिए । आपकी कहानी या लेख का सीधा सम्बन्ध चित्र से होना आवश्यक है ।




**Question 2**

Write a letter in **Hindi** on any **one** of the topics given below :—

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में पत्र लिखिए :—

**EITHER**

अपने मित्र को पत्र लिखकर 'इंटरनेट के प्रयोग' से होने वाले लाभ और हानियों पर प्रकाश डालिए । साथ में उसे यह भी बताइए कि इसका सदुपयोग किस प्रकार किया जा सकता है ।

**OR**

अपने नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर चारों ओर व्याप्त गंदगी, उसके दुष्परिणाम और उससे छुटकारा पाने के उपायों के बारे में बताइए ।

**Question 3**

Read the passage given below carefully and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

[15]

एक कुएँ में एक मेंढक रहता था । एक बार समुद्र का एक मेंढक कुएँ में आ पहुँचा तो कुएँ के मेंढक ने उसका हालचाल, अतापता पूछा । जब उसे ज्ञात हुआ कि वह मेंढक समुद्र में रहता है और समुद्र बहुत बड़ा होता है तो उसने अपने कुएँ के पानी में एक छोटा-सा चक्कर लगाकर उस समुद्र के मेंढक से पूछा कि क्या समुद्र इतना बड़ा होता है ? कुएँ के मेंढक ने तो कभी समुद्र देखा ही नहीं था । समुद्र के मेंढक ने उसे बताया कि इससे भी बड़ा होता है । कुएँ का मेंढक चक्कर बड़ा करता गया और अन्त में उसने कुएँ की दीवार के सहारे-सहारे आखिरी चक्कर लगाकर पूछा—"क्या इतना बड़ा है तेरा समुद्र ?" इस पर समुद्र के मेंढक ने कहा—"इससे भी बहुत बड़ा ।" अब तो कुएँ के मेंढक को क्रोध ही आ गया । कुएँ के अतिरिक्त उसने बाहर की दुनिया तो देखी ही नहीं थी । उसने कह दिया—"जा तू झूठ बोलता है । कुएँ से बड़ा कुछ होता ही नहीं । समुद्र भी कुछ नहीं होता है, तू बकता है ।"

कुएँ में मेंढक वाली कथा इस प्रसंग में चरितार्थ होती है कि जितना अध्ययन होगा उतना अपने अज्ञान का आभास होगा । आज जीवन में पग-पग पर हमें ऐसे कुएँ के मेंढक मिल जायेंगे, जो केवल यही मानकर बैठे हैं कि जितना वे जानते हैं, उसी का नाम ज्ञान है, उसके इधर-उधर और बाहर कुछ भी ज्ञान नहीं है । लेकिन, सत्य तो यह है कि सागर की भाँति ज्ञान की भी कोई सीमा नहीं है । अपने ज्ञानी होने के अज्ञानमय भ्रम को यदि तोड़ना हो तो अधिक से अधिक अध्ययन करना आवश्यक है । जितना अधिक अध्ययन किया जाएगा, भ्रम टूटेगा और ऐसा आभास होगा कि अभी तो बहुत कुछ जानना और पढ़ना शेष है ।

अध्ययन के विभाग भी तो अनेक हैं । विज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, धर्म, दर्शन, साहित्य आदि ऐसे विभाग हैं जिनके एक भी उपविभाग में व्यक्ति सम्पूर्णता प्राप्त नहीं कर सकता तो अनन्त विभागों में सम्पूर्ण होने का प्रश्न ही कहाँ उठता है । हाँ, इतना अवश्य निश्चित है कि अधिकाधिक अध्ययन करते रहने से एक मानसिक परितोष, आनन्द और शान्ति अवश्य प्राप्त होती है । उसके आगे और अध्ययन करने की जिज्ञासा भी उत्पन्न होती है । अधिक अध्ययन करने से मनुष्य के हृदय की संकीर्णता समाप्त हो जाती है तथा उसका दृष्टिकोण उदार होता जाता है । सतत अध्ययनशीलता और दृष्टि की उदारता शनैः शनैः व्यक्ति को पूर्णता और पवित्रता की ओर ले जाती है ।

सतत अध्ययन एक ओर नई दिशाएँ देता है तो दूसरी ओर पुरानी मान्यताएँ दूर कर नई स्वस्थ मान्यताओं की स्थापना में भी सहायक होता है । उदाहरणार्थ भारत में बैठकर हम पश्चिमी अथवा अन्य किसी समाज व राष्ट्र की सभ्यता की निन्दा करते रहते हैं । लेकिन जब उसी सभ्यता को स्वयं आँखों

से देखते हैं अथवा उसके विषय में विस्तार से पढ़ते हैं, अध्ययन करते हैं, तो हमारी मान्यताएँ बदल भी जाती हैं ।

सतत अध्ययन मनुष्य की आन्तरिक सत्प्रवृत्तियों को विकसित करता है, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक उन्नति द्वारा मनुष्य की पाशविक प्रवृत्तियों को दूर कर उसे शुद्ध और पवित्र बनाता है; मनुष्य को सच्चे अर्थों में मनुष्यता की प्राप्ति कराता है ।

**(i)** कुएँ के मेंढक ने समुद्र की विशालता का अनुमान किस प्रकार किया और क्यों ? [4]

**(ii)** कुएँ के मेंढक को क्रोध कब और क्यों आया ? [4]

**(iii)** अपने ज्ञानी होने के भ्रम को कैसे तोड़ा जा सकता है ? [3]

**(iv)** अधिकाधिक अध्ययन से क्या लाभ होते हैं ? [6]

**(v)** पुरानी मान्यताएँ कैसे दूर हो सकती हैं ? [2]

**(vi)** सच्चे अर्थों में मनुष्यता की प्राप्ति कब संभव होती है ? [3]

**(vii)** कुएँ में मेंढक वाली कथा क्या स्पष्ट करती है ? [3]

**Question 4**

**(a)** Give the meanings of any **four** of the following words as used in the passage :— [4]

निम्नलिखित किन्हीं **चार** शब्दों के अर्थ लिखिए । (अर्थ गद्यांश में प्रयुक्त शब्द के अनुरूप होना चाहिए।)

(i) अध्ययन (ii) आनन्द (iii) दृष्टिकोण
(iv) मान्यता (v) आभास (vi) सतत ।

**(b)** Give the antonym of any **four** of the following words. (Do not give more than **one** word.) [4]

किन्हीं **चार** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए । (एक से अधिक शब्द न दें ।)

(i) आन्तरिक (ii) विस्तार (iii) पाशविक
(iv) सहायक (v) अधिकाधिक (vi) निन्दा ।

**(c)** Give two synonyms each of any **four** of the following words :— [4]

किन्हीं **चार** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :—

(i) उन्नति (ii) भ्रम (iii) आनन्द
(iv) समुद्र (v) क्रोध (vi) अज्ञान ।

[3]

(iii) Rewrite the following sentences as instructed :—

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देश के अनुसार दुबारा लिखिए :—

(a) सतत अध्ययन मनुष्य की आन्तरिक सत्प्रवृत्तियों को विकसित करता है ।

(Rewrite the sentence using 'सतत अध्ययन से')

('सतत अध्ययन से' का प्रयोग कर वाक्य पुन: लिखिए ।)

(b) समुद्र का एक मेंढक कुएँ में आ पहुँचा ।

(Change the Number of the underlined words and rewrite the sentence.)

(रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुन: लिखिए ।)

(c) कुएँ के मेंढक ने समुद्र नहीं देखा था ।

(Remove 'नहीं' without changing the meaning of the sentence.)

(वाक्य का अर्थ बदले बिना 'नहीं' हटाइए ।)

THEEXAMPAPERS.COM
BY CHIRAG AGARWAL